卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 203 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦30 अप्रैल 2026 ♦मूल्य दो रूपया

# पुलिस मुठभेड़ में शातिर बदमाश ढेर

## लूटकाण्ड को अंजाम देकर भाग रहे थे बदमाश, थाना प्रभारी गोली लगने से घायल

देहरादून। प्रेमनगर थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात दुस्साहसिक लूट की वारदात के बाद पुलिस और बदमाशों के बीच भीषण मुठभेड़ हो गई। इस गोलीबारी में पुलिस ने एक शातिर बदमाश को मार गिराया, जबकि दो अन्य फरार होने में कामयाब रहे। बदमाशों की फायरिंग में प्रेमनगर थाना प्रभारी नरेश राठौर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनके हाथ में दो गोलियां लगी हैं। घटनाक्रम के अनुसार, पौंधा निवासी ठेकेदार देवराज बुधवार रात करीब 10:30 बजे अपना कामकाज निपटाकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान पौंधा रोड पर गुजरात नंबर की काले रंग की कार में सवार तीन बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। बदमाशों ने तमंचे के बल पर देवराज से नकदी और सामान छीनने का प्रयास किया। जब देवराज ने विरोध किया तो बदमाशों ने उन पर गोली चला दी और दो लाख रुपये की नकदी वाला बैग,



मोबाइल फोन व अन्य दस्तावेज लूटकर जंगल की ओर भाग निकले। सूचना मिलते ही एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने पूरे जिले में अलर्ट जारी कर नाकेबंदी के निर्देश दिए। प्रेमनगर थाना प्रभारी नरेश राठौर पुलिस बल के साथ तत्काल घेराबंदी में जुट गए। चेकिंग के दौरान पुलिस को संदिग्ध कार दिखाई दी, जिसे रुकने का इशारा करने पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। बदमाशों की ओर से चली गोलियों में से दो गोली इंस्पेक्टर नरेश राठौर के हाथ में जा लगी। पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक बदमाश को तीन गोलियां लगीं और वह वहीं ढेर हो गया। मुठभेड़ का फायदा उठाकर उसके दो अन्य साथी अंधेरे में जंगल की ओर फरार हो गए, जिनमें से एक के घायल होने की संभावना जताई जा रही है। गंभीर रूप से घायल थाना प्रभारी नरेश राठौर, बदमाश और पीड़ित ठेकेदार देवराज को तत्काल हायर सेंटर रेफर किया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने बदमाश को मृत घोषित कर दिया, जिसकी पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। मुठभेड़ की सूचना मिलते ही एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल और एसपी सिटी प्रमोद कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना। पुलिस ने फरार बदमाशों की तलाश में जंगल और आसपास के इलाकों में सघन कॉबिंग की। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि फरार आरोपियों के ठिकानों का पता लगाया जा रहा है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मारे गए बदमाश के पास से लूट का कुछ सामान और हथियार बरामद होने की भी सूचना है। फिलहाल पुलिस मृत अपराधी के आपराधिक इतिहास को खंगालने में जुटी है।

# पश्चिम बंगाल में बनेगी डबल इंजन सरकार:धामी

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पश्चिम बंगाल के राजनीतिक हालातों और चुनावी परिदृश्य पर बड़ा बयान देते हुए वहां 'डबल इंजन' सरकार बनने का प्रबल दावा किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल की धरती पर इस बार सत्ता परिवर्तन की लहर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है और वहां की जनता वर्तमान सरकार के भ्रष्टाचार व तुष्टिकरण की राजनीति से ऊब चुकी है। मुख्यमंत्री धामी ने एग्जिट पोल के हालिया रुझानों और जमीनी फीडबैक का हवाला देते हुए कहा कि मतगणना के बाद बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की



सरकार बनेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि देशभर में जनता अब डबल इंजन सरकार के लाभ को समझ चुकी है। उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जहां-जहां केंद्र के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने वाली सरकारें हैं, वहां विकास की गति कई गुना बढ़ गई है। बंगाल की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वहां हालात बेहद चिंताजनक हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक द्वेष और हिंसा के कारण वहां का लोकतांत्रिक ढांचा कमजोर हुआ है, जिससे आम नागरिक असुरक्षित (शेष पृष्ठ सात पर)

# शासन के निर्देश के अनुरूप दिया जायेगा श्रमिकों को वेतन: सिन्हा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल में स्थित सभी उद्योगों द्वारा अपने संस्थान में कार्यरत सभी श्रमिकों को अप्रैल माह से शासन द्वारा निर्धारित वेतन उपलब्ध कराया जायेगा। यह बात सिडकुल इंटरप्रिन्योर वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा मीडिया से बातचीत करते हुए बताई गई। अध्यक्ष श्रीकर सिन्हा ने कहा कि श्रमिकों की पिछले कई वर्षों से लम्बित वेतन वृद्धि मांग के सन्दर्भ में एसोसिएशन की श्रम विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से विस्तार से वार्ता भी हुई थी। जिसके बाद जिलाधि




कारी द्वारा शासन से पत्राचार किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा श्रमिक हित में शीघ्र ही बोर्ड का गठन कर इस सन्दर्भ में विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि आपसी विचार विमर्श के पश्चात सरकार द्वारा श्रमिकों के वेतन वृद्धि पर अंतिम निर्णय लिया गया और मुख्यमंत्री द्वारा इस पर हस्ताक्षर कर इसे अनुमोदन के लिए राज्यपाल के पास भेजा। राज्यपाल द्वारा हस्ताक्षर कर देने के बाद इस सन्दर्भ में शासनादेश लागू कर दिया गया। संरक्षक अजय (शेष पृष्ठ सात पर)

# धामी कैबिनेट की बैठक में 18 प्रस्तावों पर मुहर

## मोटरयान नियमावली और मदरसा शिक्षा में बदलाव,वन आरक्षी और दरोगा भर्ती की आयु सीमा में हुआ संशोधन

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में प्रदेश के विकास और प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने के लिए 18 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। सचिवालय में आयोजित कैबिनेट ब्रीफिंग के दौरान मुख्यमंत्री के सचिव शैलेश बगोली ने बताया कि सरकार ने उत्तराखंड मोटरयान संशोधन नियमावली 2026 को मंजूरी देने के साथ ही शिक्षा, वन, परिवहन और शहरी विकास से जुड़े कई अहम नीतिगत बदलावों को हरी झंडी दिखाई है। इस बैठक में लिए गए फैसलों का सीधा असर राज्य की कानून व्यवस्था, रोजगार और बुनियादी ढांचे पर पड़ेगा।परिवहन और प्रवर्तन के क्षेत्र में बड़े बदलाव करते हुए कैबिनेट ने उत्तराखंड मोटरयान संशोधन नियमावली 2026 को स्वीकृति दे दी है, जिसके तहत अब परिवहन विभाग के



प्रवर्तन अधिकारी भी निर्धारित वर्दी में नजर आएंगे। वहीं परिवहन विभाग के बेड़े को विस्तार देने के लिए बसों की खरीद पर भी बड़ा फैसला हुआ है। दरअसल पूर्व में विभाग को 100 बसें खरीदने की अनुमति दी गई थी, लेकिन जीएसटी दर 28 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत होने के कारण अब बची हुई राशि का उपयोग करते हुए कुल 109 बसें खरीदी जाएंगी। इसके अलावा आबकारी नीति के अनुरूप वाणिज्य कर विभाग ने भी अपनी नियमावली में संशोधन कर व्यय दर को छह प्रतिशत निर्धारित करने की मंजूरी दी है।शिक्षा और भर्ती नियमों में भी सरकार ने दूरगामी परिणाम वाले संशोधन किए हैं। मदरसा शिक्षा को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अब प्रदेश के कक्षा 1 से 8 तक के 452 मदरसों को जिला स्तर से मान्यता दी जाएगी, जबकि कक्षा 9 से 12 तक के लगभग 52 मदरसों को अब उत्तराखंड बोर्ड से मान्यता लेनी अनिवार्य होगी। भर्तियों के संबंध में कैबिनेट ने स्पष्ट किया है कि अब चयन की प्रतीक्षा सूची केवल एक वर्ष के लिए ही वैध मानी जाएगी। वन सेवा नियमावली में संशोधन करते हुए वन दरोगा भर्ती के लिए आयु सीमा 21 से 35 वर्ष और वन आरक्षी के लिए 18 से बढ़ाकर 25 वर्ष कर दी गई है। साथ ही वन सीमा क्षेत्रों में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए नई नीति 2026 को मंजूरी दी गई है, जो न केवल आजीविका बढ़ाएगी बल्कि मानव-हाथी संघर्ष को कम करने में भी सहायक होगी।कुंभ मेले और विकास कार्यों को गति देने के लिए वित्तीय अधिकारों का भी सरलीकरण किया गया है। अब एक करोड़ तक के कार्यों की स्वीकृति (शेष पृष्ठ सात पर)

# स्पा सेंटर में चल रहे देह व्यापार का भंडाफोड़,तीन युवक गिरफ्तार

## कोहिनूर स्पा सेंटर में हुई छापेमारी, तीन युवतियों को किया रेस्क्यू

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। स्पा सेंटर की आड़ में अवैध देह व्यापार के धंधे के खिलाफ पुलिस द्वारा पिछले कई माह से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। बावजूद इसके कई स्पा सेंटरों में पुलिस से बेखौफ यह धंधा रुकने का नाम नहीं ले रहा है। नगर के सिविल लाइन क्षेत्र में एक स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे अवैध देह व्यापार के धंधे का पुलिस ने खुलासा किया है। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम ने सिविल लाईन स्थित कोहिनूर स्पा सेंटर पर औचक छापेमारी कर इस पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया। कार्रवाई के दौरान टीम द्वारा मौके से तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया, जबकि तीन युवतियों को रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर



निकाला गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हरीश साह, विकास कुमार और ओम विजय के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि स्पा सेंटर की आड़ में युवतियों से जबरन देह व्यापार कराया जा रहा था। यह गतिविधि लंबे समय से संचालित हो रही थी, जिसकी सूचना मिलने पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से स्पा सेंटर पर औचक छापा मारा।रेस्क्यू की गई युवतियों को आवश्यक (शेष पृष्ठ सात पर)

# बाबा केदार की शरण में पहुंचे गायक कैलाश खेर

## कहा- मोदी के विजन और धामी के नेतृत्व में बदला केदारनाथ

रुद्रप्रयाग (उद संवाददाता)। विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक गायक कैलाश खेर ने गुरुवार को बाबा केदारनाथ के दर्शन कर विशेष पूजा-अर्चना की। केदारनाथ धाम पहुंचने पर जिला प्रशासन, केदार सभा और मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। मंदिर परिसर में कैलाश खेर की उपस्थिति ने श्रद्धालुओं के बीच भारी उत्साह भर दिया। इस दौरान उन्होंने अपने सुप्रसिद्ध भक्ति गीत 'जय जय केदारा' की प्रस्तुति दी, जिससे पूरा वातावरण शिवमय हो गया और श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे।कैलाश खेर ने धाम में यात्रा प्रबंधन और व्यवस्थाओं की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में केदारनाथ धाम की सूरत बदली है। भारी संख्या में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ के बावजूद



यात्रा का सुचारू और सुरक्षित संचालन राज्य सरकार की बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने जिला प्रशासन, पुलिस और मंदिर समिति के समन्वय की प्रशंसा करते हुए कहा कि उच्च हिमालयी क्षेत्र की विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद ऐसी सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं करना काबिले तारीफ है।अपनी यात्रा के दौरान कैलाश खेर ने डीएम विशाल मिश्रा सहित पूरी प्रशासनिक टीम और तीर्थ पुरोहितों से मुलाकात कर यात्रा प्रबंधन की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बाबा केदार की नगरी में कदम रखते ही एक अद्भुत शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। श्रद्धालुओं की सुगम और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन और पुलिस जिस तत्परता से कार्य कर रही है, वह सराहनीय है। अंत में उन्होंने बाबा से सभीके कल्याण की कामना करते हुए तीर्थ यात्रियों के साथ अपनी खुशियां साझा कीं।

# उत्तराखण्ड में जल जीवन मिशन 2.0 के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर

देहरादून (उद संवाददाता)। जल जीवन मिशन 2.0 के सफल क्रियान्वयन के लिए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, राष्ट्रीय जल जीवन मिशन, जल शक्ति मंत्रालय और उत्तराखण्ड सरकार के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल का आभार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समझौता राज्य में जल जीवन मिशन के कार्यों को नई गति देने में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड जैसे विषम भौगोलिक और सीमावर्ती राज्य के लिए जल जीवन मिशन केवल एक सरकारी योजना नहीं है, बल्कि यह करीब 14 लाख ग्रामीण परिवारों की सुविधा और स्वास्थ्य से जुड़ा एक बड़ा अभियान है। उन्होंने जानकारी दी कि राज्य में मिशन के तहत लगभग 16,500 योजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जिनमें से अधिकांश पूर्ण हो चुकी हैं और बाकी पर काम युद्ध स्तर पर जारी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि कठिन पर्वतीय क्षेत्रों, दूरस्थ गांवों और आपदा संवेदनशीलता के कारण यहाँ



योजनाओं को लागू करना अन्य राज्यों की तुलना में काफी चुनौतीपूर्ण है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार हिमालय के संरक्षण और जल स्रोतों के संवर्धन को प्राथमिकता दे रही है। डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम, ग्लेशियर रिसर्च सेंटर और जल स्रोत संरक्षण जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि पारंपरिक जल स्रोतों जैसे नौले, धारे और वर्षा आधारित नदियों को बचाने के लिए स्प्रिंग एंड रिवर रिजुविनेशन अथॉरिटी (सारा) का गठन किया गया है। पिछले एक साल में सारा के माध्यम से 6,500 से अधिक जल स्रोतों का उपचार किया गया है और करीब साढ़े तीन मिलियन घन मीटर वर्षा जल संचयन की उपलब्धि हासिल की गई है।केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने जल स्रोतों और नदियों के पुनर्जीवीकरण की दिशा में उत्तराखण्ड सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से एक हजार गांवों में तालाबों के पुनर्जीवन के प्रयासों को सराहा और भरोसा दिलाया कि जल शक्ति मंत्रालय राज्य को हर संभव तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करेगा।इस अवसर पर केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री वी. सोमन्ना, सचिव जल शक्ति मंत्रालय अशोक कुमार मीणा, अपर सचिव कमल किशोर सोन, संयुक्त सचिव स्वाति मीणा, रेजिडेंट कमिश्नर अजय मिश्रा उपस्थित थे। साथ ही वर्चुअल माध्यम से सचिव पेयजल रणवीर सिंह चौहान और प्रबंध निदेशक जल जीवन मिशन रोहित मीणा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# कल निकलेगी भव्य भव्य निशान यात्रा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री खाटू श्याम सेवा समिति शिवनगर के तत्वावधान में आगामी दो मई को इंडियन पब्लिक स्कूल शिवनगर के प्रांगण में तृतीय भव्य श्श्री श्याम संकीर्तन महोत्सवश का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव की तैयारियों को लेकर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल एवं समिति के पदाधिकारियों ने सिटी क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा साझा की।पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने जानकारी देते हुए बताया



कि मुख्य महोत्सव के आगाज से पूर्व एक मई को शाम चार बजे भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा का शुभारंभ फुटबॉल ग्राउंड ट्रांजिट कैंप से होगा, जो खाटू मंदिर गल्ला मंडी से होते हुए इंडियन पब्लिक स्कूल ट्रांजिट कैंप पहुंचकर संपन्न होगी। महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित होने वाले संकीर्तन में ख्याति प्राप्त भजन गायक अपनी मधुर प्रस्तुतियों से भक्तों को भावविभोर करेंगे। मुख्य रूप से सुप्रसिद्ध गायक संजू पागल, खुशबू राधा, नरेश सैनी और हिमांशु मारवाड़ी बाबा श्याम के चरणों में भजनों की पुष्प वर्षा करेंगे। आयोजकों ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करें। पत्रकार वार्ता के दौरान संजीव गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता और विकास बंसल सहित समिति के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# इंजीनियरिंग उद्योगों के श्रमिकों के न्यूनतम वेतन में हुई वृद्धि

## सरकार के निर्णय से श्रमिक संगठनों में खुशी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड सरकार ने इंजीनियरिंग उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों के न्यूनतम वेतन में वृद्धि करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। यह नई व्यवस्था एक अप्रैल 2026 से प्रभावी मानी जाएगी। श्रमिकों की लंबे समय से चली आ रही इस मांग को राज्य सरकार ने गंभीरता से लेते हुए पूरा किया है, जिससे औद्योगिक जनपद उधम सिंह नगर के हजारों श्रमिकों में उत्साह का माहौल है।इस विषय में जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने भी पत्र के माध्यम से शासन को श्रमिकों की समस्याओं और वेतन वृद्धि की आवश्यकता से अवगत कराया था। उधम सिंह नगर एक प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र है, जहाँ बड़ी संख्या में कल-कारखाने संचालित हैं और उनमें लाखों की संख्या में श्रमिक कार्यरत हैं। पिछले काफी समय से विभिन्न श्रमिक संगठन वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर ज्ञापन दे रहे थे और प्रदर्शन कर रहे थे। राज्य सरकार ने श्रमिक हितों को प्राथमिकता देते हुए इस पर त्वरित फैसला लिया है। इस निर्णय से न केवल श्रमिकों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि उनके जीवन स्तर में भी सुधार आएगा।विभिन्न श्रमिक संगठनों ने सरकार के इस कदम को ऐतिहासिक बताया है। संगठनों का कहना है कि सरकार ने बेहद कम समय में उनकी समस्याओं का सकारात्मक समाधान निकाला है, जो सराहनीय है। इसके लिए श्रमिक प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार का आभार प्रकट किया है। प्रतिनिधियों का मानना है कि वेतन वृद्धि के इस निर्णय से उद्योगों में शांतिपूर्ण माहौल बनेगा और उत्पादन क्षमता में भी बढ़ोत्तरी होगी। उन्होंने उम्मीद जताई है कि भविष्य में भी सरकार इसी प्रकार श्रमिक कल्याण के प्रति संवेदनशील बनी रहेगी।

# मुख्यमंत्री ने विकास और राहत योजनाओं के लिए दी 16 करोड़ की स्वीकृति

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में विभिन्न विकास कार्यों और आपदा प्रभावितों की सहायता के लिए 16 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस धनराशि का एक बड़ा हिस्सा आपदा प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने और जनपदों में विकास कार्यों को गति देने के लिए आवंटित किया गया है।मुख्यमंत्री ने अगस्त 2025 में यमुना नदी का जल स्तर बढ़ने से स्यानाचट्टी में बनी झील के कारण जलमग्न हुए होटलों और भवनों के 19 प्रभावितों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 61.09 लाख रुपये की सहायता देने का अनुमोदन किया है। इसके साथ ही टिहरी गढ़वाल की विभिन्न तहसीलों जैसे धनोल्टी, प्रतापनगर और जाखणीधार के उन परिवारों को भी राहत दी गई है, जो अतिवृष्टि व भूस्खलन के कारण किराए के घरों में रह रहे हैं। इन परिवारों को 4 हजार रुपये प्रति माह की दर से छह महीने के किराए के लिए कुल 19.28 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं।जनपदों में स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार विकास कार्य सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री ने वित्तीय वर्ष 2026 27 के बजट से प्रत्येक जनपद के लिए अनटाइड फंड के अंतर्गत कुल 13 करोड़ रुपये की धनराशि अवमुक्त करने की मंजूरी दी है। राजधानी देहरादून के लिए भी विशेष बजट स्वीकृत किया गया है, जिसके तहत पित्थूवाला शाखा के श्रद्धा एन्क्लेव में सीवर लाइन बदलने और संधू व प्रियदर्शिनी एन्क्लेव में एसपीएस निर्माण के लिए 2.43 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में मुख्यमंत्री ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खेतीखान का नाम बदलकर शहीद लांसनायक रेवाधर के नाम पर करने का अनुमोदन किया है। अब यह संस्थान शहीद रेवाधर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खेतीखान के नाम से जाना जाएगा। सरकार का यह कदम शहीद के सम्मान और उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाए रखने की दिशा में एक प्रयास है।

# फल और सब्जियों में कीटनाशकों के प्रयोग पर सरकार सख्त

देहरादून (उद संवाददाता)। फलों और सब्जियों में कीटनाशकों के अंधाधुंध इस्तेमाल को लेकर राज्य सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने इस दिशा में दोहरी रणनीति अपनाते हुए प्रदेश भर में सैंपलिंग शुरू कर दी है और साथ ही कृषि एवं उद्यान विभाग के माध्यम से किसानों को जागरूक करने की पहल की है। विभाग ने कृषि विभाग को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि किसानों को कीटनाशकों के अत्यधिक और अवैज्ञानिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया जाए।खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त सचिन कुर्वे ने सचिव कृषि एवं उद्यान को भेजे पत्र में स्पष्ट किया कि भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा समय समय पर किए गए सर्वे में खाद्य पदार्थों में कीटनाशकों के अवशेष मिलने की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा कि तय मानकों से अधिक कीटनाशकों की मौजूदगी जनस्वास्थ्य के लिए एक गंभीर चुनौती है। इसके समाधान के लिए किसानों, फल सब्जी विक्रेताओं और स्थानीय मंडी व्यापारियों के बीच कार्यशालाएं आयोजित करना आवश्यक है। खाद्य संरक्षा विभाग के उपायुक्त मुख्यालय गणेश कंडवाल ने बताया कि आयुक्त के निर्देशानुसार अब तक प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आम, केला, पपीता और तरबूज जैसे फलों के 95 सैंपल लेकर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे जा चुके हैं और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस विषय पर अपनी प्राथमिकता स्पष्ट करते हुए कहा है कि प्रदेश में चारधाम यात्रा और पर्यटन सीजन चल रहा है, ऐसे में जन स्वास्थ्य की सुरक्षा सर्वोच्च है। उन्होंने खाद्य पदार्थों में मिलावट और हानिकारक रसायनों के उपयोग को रोकने के लिए सभी संबंधित विभागों को मिलकर सख्त कार्रवाई करने और आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। शासन की इस सख्ती का उद्देश्य उपभोक्ताओं को सुरक्षित और रसायन मुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है।

# बीएलओ ऐप के माध्यम से मतदाता डेटा की मैपिंग शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश

चंपावत (उद संवाददाता)। अपर जिलाधिकारी कृष्ण नाथ गोस्वामी की अध्यक्षता में प्री-एसआईआर एवं एसआईआर प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को पारदर्शी और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर गहन चर्चा हुई। अपर जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि लोकतंत्र की



मजबूती के लिए मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।अपर जिलाधिकारी ने वर्ष 2003 की मूल नामावली और वर्तमान मतदाता सूची के मध्य बीएलओ ऐप के माध्यम से की जा रही मैपिंग की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में इस कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया मतदाताओं के सत्यापन और डेटा की सटीकता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सूची में किसी भी प्रकार का दोहराव या अपूर्णता न रहे, इसके लिए विशेष सतर्कता बरती जाए।बैठक में सभी बीएलओ को निर्देश दिए गए कि पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू होने से पहले क्षेत्रवार सत्यापन, दस्तावेजों का मिलान और आवश्यक प्रविष्टियों को अद्यतन करने का कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा कर लें। अपर जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और फील्ड स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा ताकि पूरी प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो सके।इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी राजेंद्र बिष्ट, आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# फर्जी राशन कार्डों पर प्रशासन सख्त, सत्यापन अभियान शुरू

चम्पावत (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी मनीष कुमार के मार्गदर्शन में जनपद में राशन कार्डों के सत्यापन का विशेष अभियान दोबारा शुरू किया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनपद में बढ़ रहे फर्जी राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड और गैस कनेक्शन से जुड़ी अनियमितताओं पर प्रभावी अंकुश लगाना है। इसके लिए जनपद स्तर पर विशेष स्क्वॉड गठित किया गया है, जो क्षेत्रवार जांच कर पात्र और अपात्र लाभार्थियों की पहचान सुनिश्चित करेगा।जिला पूर्ति अधिकारी प्रियंका भट्ट ने सभी राशन कार्ड धारकों से इस सत्यापन कार्य में सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि ऐसे लाभार्थी जिनकी आर्थिक स्थिति अब सुदृढ़ हो चुकी है, वे स्वेच्छा से अपने अंत्योदय, प्राथमिक परिवार या राज्य खाद्य योजना के राशन कार्ड संबंधित पूर्ति निरीक्षक कार्यालय, विकासखंड कार्यालय या जिला पूर्ति कार्यालय में जमा कर दें। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जांच के दौरान कोई अपात्र व्यक्ति योजना का गलत लाभ लेते हुए पाया गया, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी।इसके साथ ही प्रशासन ने सभी कार्ड धारकों को अपने राशन कार्ड में दर्ज प्रत्येक सदस्य की ई-केवाईसी कराने के निर्देश दिए हैं। सभी उपभोक्ताओं को अपने निकटतम सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर जाकर अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी पूर्ण करनी होगी, ताकि भविष्य में राशन प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। गठित टीमें अब गांव-गांव जाकर यूनिटों का भौतिक सत्यापन करेंगी ताकि केवल जरूरतमंदों को ही योजना का लाभ मिल सके।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# वार्ड 5 और 4 के बच्चे आरटीई प्रवेश से वंचित

सितारगंज। शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत होने वाले दाखिलों में एक बार फिर बड़ी विसंगति सामने आई है। सितारगंज के वार्ड नंबर 5 और चार के निवासियों ने आरोप लगाया है कि शिक्षा विभाग की लापरवाही के कारण इस वर्ष भी वार्ड के एक भी बच्चे का नाम आरटीई की चयन सूची में शामिल नहीं हुआ है। आरटीई के नियमों के अनुसार, बच्चे अपने ही वार्ड के स्कूलों में प्रवेश पा सकते हैं और यदि वार्ड में स्कूल न हो, तो सीमावर्ती (बॉर्डर) स्कूलों में उन्हें प्राथमिकता दी जाती है। लेकिन वार्ड नंबर 5 की स्थिति यह है कि यहाँ कोई निजी विद्यालय संचालित नहीं है। इस तकनीकी समस्या के कारण यहाँ के बच्चों को पड़ोसी वार्डों के स्कूलों में भी जगह नहीं मिल पा रही है, जिससे वे मुफ्त शिक्षा के अधिकार से वंचित हो रहे हैं। वार्ड नंबर 5 की निवासी हर कुमारी, जो अपने पति स्वर्गीय संजय मौर्या की मृत्यु के बाद तीन नाबालिग बच्चों का पालन-पोषण अकेले कर रही हैं, बेहद परेशान हैं। उन्होंने बताया कि उनका एक बच्चा विकलांग है और घर में कोई कमाने वाला नहीं है। गरीबी के कारण वे निजी स्कूलों की भारी फीस देने में असमर्थ हैं। उन्होंने उम्मीद के साथ अपने बच्चे का फॉर्म आरटीई में भरा था, लेकिन सूची में नाम न आने से अब उनके सामने बच्चों के भविष्य का संकट खड़ा हो गया है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा से फोन पर वार्ता की। रस्तोगी के अनुसार, अधिकारी ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि वे अवकाश पर हैं और पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने के कारण अब इसमें कुछ नहीं किया जा सकता। क्षेत्रीय सभासद रवि रस्तोगी ने इस मुद्दे पर विभाग के प्रति कड़ा रोष व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि इस समस्या को लेकर पूर्व में भी कई बार विभाग को अवगत कराया गया था, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। सभासद रवि रस्तोगी ने चेतावनी दी है कि बच्चों के हक के साथ इस तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे इस गंभीर समस्या को लेकर जल्द ही उच्च अधिकारियों से मुलाकात करेंगे और वार्ड नंबर 5 के बच्चों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करेंगे।

# मंडी में छापेमारी कर फल और सब्जियों के नमूने लिए

## बिना लाइसेंस कारोबार करने वाले तीन विक्रेताओं को विभाग ने थमाया नोटिस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन सचिन कुर्वे के निर्देशों पर कुमाऊ मंडल के उपायुक्त डॉ. राजेन्द्र सिंह कठायत के नेतृत्व में बगवाड़ा थोक मंडी में विशेष अभियान चलाया गया। इस कार्यवाही का मुख्य उद्देश्य फलों और सब्जियों में अप्राकृतिक रंगों के प्रयोग तथा कृत्रिम रूप से पकाने वाले रसायनों की जांच व रोकथाम करना था।जांच अभियान के दौरान वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपर्णा साह और खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्या ने मंडी स्थित आढ़तियों से आम, पपीते और बैंगन के कुल तीन सर्विलांस नमूने लिए। इन नमूनों को परीक्षण के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजा गया है। विभाग का कहना है कि प्रयोगशाला से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधितों के विरुद्ध



अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एफएसएसएआई लाइसेंस और पंजीकरण के बिना व्यापार कर रहे तीन फल व सब्जी विक्रेताओं को नोटिस भी जारी किए गए।अधिकारियों ने समस्त आढ़तियों और कारोबारियों को सख्त हिदायत दी कि वे फलों को पकाने के लिए किसी भी स्थिति में प्रतिबंधित कैल्शियम कार्बाइड का प्रयोग न करें। उन्हें केवल अनुमोदित एथिलीन राइपनर का ही इस्तेमाल करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सब्जियों में अप्राकृतिक रंगों के उपयोग को लेकर भी चेतावनी दी गई। विभाग ने स्पष्ट किया कि जनहित में इन नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।इस अभियान दल में उपायुक्त डॉ. राजेन्द्र सिंह कठायत, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपर्णा साह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्या और पंकज कुमार शामिल रहे। विभाग ने संकेत दिए हैं कि उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए यह विशेष अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# लोहाघाट पालिका में अब क्यूआर कोड स्कैन कर दर्ज होगी शिकायत

लोहाघाट (उद संवाददाता)। नगर पालिका परिषद लोहाघाट ने नागरिक सेवाओं को अधिक सुगम और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल की है। अब नगर क्षेत्र के निवासी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए घर बैठे क्यूआर कोड के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकेंगे। तकनीक आधारित इस नई पंजीकरण प्रणाली का औपचारिक शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान किया गया।इस नई व्यवस्था के लागू होने से नागरिकों को अब अपनी शिकायतों के लिए नगर पालिका कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। लोग अपने मोबाइल फोन से निर्धारित क्यूआर कोड को स्कैन कर सीधे अपनी शिकायत या सुझाव विभाग तक पहुंचा सकते हैं। प्रणाली की विशेषता यह है कि दर्ज की गई शिकायत तत्काल संबंधित पटल तक पहुंच जाएगी और उसके समाधान की स्थिति की जानकारी शिकायतकर्ता को एसएमएस या कॉल के माध्यम से दी जाएगी। इस व्यवस्था से न केवल शिकायतों के निस्तारण में तेजी आएगी, बल्कि विभाग की जवाबदेही और पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा ने तकनीक के उपयोग पर बल देते हुए लोहाघाट को स्वच्छ, सुंदर और स्मार्ट नगर बनाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि यह डिजिटल कदम नागरिकों और प्रशासन के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगा। अधिशासी अधिकारी सौरभ नेगी और समस्त सभासदों ने नगरवासियों से इस डिजिटल सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है ताकि जनसमस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।




# स्मैक के साथ युवक को किया गिरफ्तार

काशीपुर। पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्तकरी में लिप्त एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 3.66 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस ने आरोपी का एनडीपीएस एक्ट में चालान किया है। कुंडा कोतवाली पुलिस ने चौकिंग के दौरान सब्जी आढ़त के पीछे ढेला नदी की ओर आते ढेला बस्ती निवासी मौ. समीर पुत्र शमशाद अली को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 3.66 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस ने आरोपी का एनडीपीएस एक्ट में चालान किया है। पुलिस टीम में एसआई अर्जुन सिह, नवीन जोशी व कां. बृजेश कुमार रहे।

# हिंदुस्तान ओलंपियाड में मेधावी छात्र हुए सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जेसीज विद्यालय के सभागार में हिंदुस्तान ओलंपियाड 2025 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस प्रतियोगिता में उधम सिंह नगर और चंपावत जनपद के विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 1 से 12 तक के प्रत्येक कक्षा के शीर्ष तीन टॉपर विद्यार्थियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया।विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने सभी विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों में प्रतिभाग करने से विद्यार्थियों को नई प्रेरणा मिलती है और नए विचार विकसित होते हैं। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वर्तमान समय में करियर के अनेक विकल्प मौजूद हैं, लेकिन हर परीक्षा की तैयारी का तरीका अलग होता है। सफलता के




लिए अपना लक्ष्य निर्धारित करें और समय प्रबंधन के साथ अपनी रुचि के अनुसार पूरी लगन से पढ़ाई करें। जिलाधिकारी ने इस दौरान छात्रों के साथ अपने व्यक्तिगत अनुभव भी साझा किए और अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए हिंदुस्तान टीम के इस प्रयास की सराहना की। समारोह को पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चौधरी ने भी संबोधित किया। उन्होंने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और शिक्षा जगत से जुड़ी हस्तियों ने भी शिरकत की।इस अवसर पर विधायक तिलक राज बेहड, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, निदेशक जेसीज सुरजीत ग्रोवर, डॉ गौरव अग्रवाल सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, अभिभावक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ नागरिक खेलकूद प्रतियोगिता में हल्द्वानी की टीमों का दबदबा

## मिनी स्टेडियम में दो दिवसीय समारोह शुरू, मुख्यमंत्री करेंगे श्रेष्ठ बुजुर्गों को सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। समाज कल्याण विभाग और वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद उत्तराखंड के संयुक्त तत्वावधान में मिनी स्टेडियम में वरिष्ठ नागरिकों के लिए दो दिवसीय खेल समारोह का शुभारंभ बुधवार को हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ नागरिक परिषद के अध्यक्ष रामचंद्र गौड़ ने की। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य संवर्धन, सक्रिय जीवन शैली को प्रोत्साहन और आपसी समन्वय को बढ़ावा देना है। खेल समारोह के पहले दिन बुजुर्गों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में पूरे उत्साह के साथ अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत फुटबॉल में हल्द्वानी की टीम ने





शानदार खेल दिखाते हुए अल्मोड़ा की टीम को 9-0 के बड़े अंतर से पराजित किया। इसी प्रकार वॉलीबॉल में हल्द्वानी ने रामनगर की टीम को 2-1 से शिकस्त दी। बैडमिंटन प्रतियोगिता के 70 प्लस आयु वर्ग में हरि मोहन आर्य विजेता रहे, जबकि महिला 60 वर्ष आयु वर्ग में राजश्री तिवारी ने जीत दर्ज की। पुरुष 60 वर्ष श्रेणी का फाइनल मुकाबला अरविंद पांडे और नवीन चंद पाठक के बीच खेला जाना शेष है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए संचालित सरकारी योजनाओं की जानकारी दी ताकि समाज का यह अनुभवी वर्ग और भी अधिक सशक्त बन सके।दो दिवसीय आयोजन के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रेक्षागृह में भव्य सम्मान समारोह आयोजित होगा। इसमें मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करेंगे। इस अवसर पर मंडी परिषद अध्यक्ष अनिल कुमार डब्बू, सांसद प्रतिनिधि शांति भट्ट, वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति अध्यक्ष भुवन भास्कर पांडे, गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष लीलाधर पांडे, कर्नल वीएस रौतेला, नवीन चंद वर्मा, शांति मेहरा, हरक सिंह नेगी उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में समाज कल्याण निदेशक डॉ. संदीप तिवारी, अपर सचिव प्रकाश चंद, गर नौटियाल, संयुक्त निदेशक पूजा नेगी, मुख्य वित्त नियंत्रक जगमोहन सिंह कफोला, उपनिदेशक वासुदेव आर्य, केआर जोशी, सहायक निदेशक आराधना त्रिपाठी सहित विभिन्न जिलों से आए वरिष्ठ नागरिक मौजूद थे।

# मजदूरों के हक के लिए सिडकुल चौक पर बुलंद होगी आवाज

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रेड यूनियन ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस (ऐक्टू) ने अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर मजदूर वर्ग से अपने अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करने की अपील की है। ऐक्टू कार्यकर्ताओं की बैठक में निर्णय लिया गया कि श्रमिक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले एक मई को दोपहर एक बजे सिडकुल चौक में आयोजित कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए ऐक्टू के प्रदेश महामंत्री केके बोरा ने




केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कोरोना काल में पुराने श्रम कानूनों को खत्म कर चार नए लेबर कोड्स लाए गए, जो मजदूरों को कॉर्पोरेट मालिकों का गुलाम बनाने की साजिश है। उन्होंने कहा कि इन कानूनों के जरिए आठ घंटे काम के नियम को खत्म कर 12-12 घंटे काम लेने की व्यवस्था बनाई जा रही है। बोरा ने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए कहा कि 1886 में शिकागो के मजदूरों ने इसी शोषण के खिलाफ शहादत दी थी, जिसके बाद आठ घंटे काम का नियम लागू हुआ था। उन्होंने उत्तर प्रदेश और हरियाणा में हुई वेतन वृद्धि को महंगाई के दौर में नाकाफी बताया और न्यूनतम वेतन 20 हजार रुपये करने की मांग को जायज ठहराया।भाकपा (माले) के जिला सचिव ललित मटियाली ने कहा कि रुद्रपुर-पंतनगर सिडकुल और हल्द्वानी की मदरसन कंपनी में हालिया आंदोलन ने भाजपा सरकार के दावों की पोल खोल दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार मजदूर आंदोलनों को पुलिस के दमन और मुकदमों के जरिए दबाना चाहती है। उन्होंने हरियाणा और उत्तर प्रदेश की तर्ज पर उत्तराखंड में न्यूनतम वेतन बढ़ाने की औपचारिक घोषणा न होने पर भी रोष व्यक्त किया।ऐक्टू की जिला सचिव अनिता अन्ना ने स्कीम वर्कर्स के शोषण का मुद्दा उठाते हुए कहा कि आशा, आंगनबाड़ी और भोजनमाता जैसी महिला कर्मचारी सरकारी उपेक्षा का शिकार हैं। उन्होंने कहा कि जब सरकार खुद अपने विभागों में शोषण कर रही है, तो निजी मालिकों पर लगाम कैसे लगेगी। जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी ने समस्त मजदूर वर्ग से आह्वान किया कि वे एक मई को सिडकुल चौक (ब्रिटानिया चौक) पहुंचकर संगठित होकर अपने अधिकारों की आवाज उठाएं। बैठक में वीरेंद्र सिंह, कमल सिंह, उत्तम दास, साहेब सिंह, आकाश भारती, अर्जुन सिंह, धनवीर सिंह और धीरज कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खेतीखान आईटीआई का नाम शहीद लांस नायक रेवाधर के नाम पर रखने की घोषणा

चम्पावत ।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के वीर सपूतों के सम्मान में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए जनपद चंपावत के खेतीखान स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का नाम बदलकर अब श्शहीद लांस नायक रेवाधर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानश करने की आधिकारिक घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार उत्तराखंड के उन जांबाज सैनिकों की स्मृति को जीवंत रखने के लिए प्रतिबद्ध है, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। मुख्यमंत्री धामी ने इस निर्णय के माध्यम से शहीद लांस नायक रेवाधर की वीरता और देश सेवा को नमन किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षण और प्रशिक्षण संस्थानों के नाम शहीदों के नाम पर रखे जाने से युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी और उनमें राष्ट्रवाद एवं सेवा की भावना और अधिक प्रबल होगी। यह कदम राज्य सरकार की उस नीति का हिस्सा है जिसके तहत उत्तराखंड के सैन्य धाम की अवधारणा को धरातल पर उतारा जा रहा है और प्रत्येक शहीद परिवार को उचित सम्मान दिया जा रहा है। इस घोषणा के बाद जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग को नाम परिवर्तन की आवश्यक औपचारिकताओं को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। क्षेत्र की जनता और शहीद के परिजनों ने मुख्यमंत्री के इस संवेदनशील निर्णय का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया है।


SAMSUNG
BOSCH
SONY
JBL
VOLTAS
IFB
DELL
DAIKIN
ONEPLUS
MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool
AMSTRAD
LLOYD
mi
SANSUI
NO COST EMI
ATTRACTIVE
EXCHANGE OFFERS
UPTO 55%
OFF
UPTO 25%
ADD CASHBACK
गुरू माँ
अब मिलेगा
Online
से भी सस्ता
Festival Offer
HOME APPLIANCES
पर पाए ऐसे ऑफर्स,
खरीदे बिना रहा ना जाए
गुरू माँ
Guru Maa Enterprises
RUDRAPUR - 9927882338, Sony Center- 9927396666, KASHIPUR - Ramnagar Road 8791989500, Cheema Chauraha 9927813555,
HALDWANI- Tikonia 9997207007, Pilikothi 9690256666, 8126564216, HARIDWAR - 9761699704, MORADABAD - Civil Lines-7500839146, GEE AAR Elc. 9719077772,
GADARPUR - Gurunanak Enterprises, 9927850999, KICHHA - Deepak Eletronics 7017575920, ALMORA - Gupta Electronics 7895887544,
LALKUAN - New Radhe Radhe 8923493000, PITHORAGHRH - Shiva Enterprises 9760633187, LOHAGHAT - 9568035735, PANIPAT - 8607964000, KARNAL- 8684077000.

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# होर्मुज जलमार्ग का संकट

ईरान और अमेरिका के बीच पहले युद्धविराम और फिर शांतिवार्ता की शुरुआत से यह उम्मीद जगी थी कि शायद होर्मुज जलमार्ग से जहाजों की आवाजाही फिर से सामान्य हो सकेगी। यह मुद्दा सिर्फ इन दोनों देशों तक सीमित नहीं है, बल्कि दुनिया के अनेक देशों के लिए बेहद अहम है। लेकिन हालात एक बार फिर उलझते नजर आ रहे हैं। इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद जवाबी कार्रवाई में ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को बाधित कर दिया। तब से अब तक उस रास्ते से केवल चीन और कुछ गिने-चुने देशों के जहाजों के गुजरने की ही खबर है।ऐसे में भारत समेत कई देशों के लिए यह निराशाजनक स्थिति है। एक तरफ ईरान इस मार्ग को खोलने के लिए तैयार नहीं है, तो दूसरी ओर अमेरिका ने आर्थिक दबाव बढ़ाने के लिए इलाके की नाकेबंदी का ऐलान कर दिया है, जिससे संकट और गहरा गया है। अब ईरान अपनी शर्तों पर अड़ा है कि जब तक अमेरिका नाकेबंदी नहीं हटाएगा, तब तक मार्ग बंद रहेगा। वहीं अमेरिका भी अपनी जिद पर कायम है कि जब तक ईरान रास्ता नहीं खोलेगा, तब तक प्रतिबंध जारी रहेंगे।सवाल यह है कि अगर दोनों पक्ष इसी तरह अड़े रहे, तो क्या शांति की कोशिशें कभी किसी ठोस नतीजे तक पहुंच पाएंगी? एक अजीब स्थिति यह है कि युद्धविराम के बावजूद दोनों देश सीधे हमले नहीं कर रहे, लेकिन होर्मुज जलमार्ग सहित मध्य-पूर्व से तेल और गैस की आपूर्ति अब भी प्रभावित है। इसके कारण कई देशों में ऊर्जा संकट गहराता जा रहा है, तेल भंडार घट रहे हैं, महंगाई बढ़ रही है और रसोई गैस की कमी से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है।यानी इस टकराव की सबसे बड़ी कीमत वे देश चुका रहे हैं, जो इस संघर्ष का हिस्सा भी नहीं हैं। क्या अमेरिका और ईरान को यह नहीं सोचना चाहिए कि उनके अड़ियल रुख के कारण दुनिया की बड़ी आबादी संकट झेलने को मजबूर है?गौरतलब है कि होर्मुज जलमार्ग दुनिया के सबसे अहम रणनीतिक समुद्री मार्गों में से एक है। वैश्विक समुद्री तेल व्यापार का लगभग 20 से 25 प्रतिशत हिस्सा इसी संकरे रास्ते से गुजरता है। इस इलाके में ईरान की स्थिति मजबूत मानी जाती है। शांति वार्ता से पहले ईरान ने इस मार्ग को खोलने के संकेत दिए थे, लेकिन युद्धविराम के बावजूद इजराइल द्वारा लेबनान पर हमले जारी रहने के बाद उसने फिर से आवाजाही रोक दी। अमेरिका और इजराइल समेत अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाने के लिहाज से होर्मुज को बंद करना ईरान की रणनीति का हिस्सा हो सकता है, जबकि अमेरिका की ओर से लगातार आ रही चेतावनियां हालात को और जटिल बना रही हैं। अगर यही स्थिति बनी रही, तो न युद्धविराम का कोई असर दिखेगा और न ही शांति वार्ता आगे बढ़ पाएगी और सबसे बड़ा सवाल यही रहेगा कि इस टकराव का आखिर हासिल क्या होगा? ईरान ने पाकिस्तानी मध्यस्थों के जरिए अमेरिका को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फिर से खोलने और युद्ध खत्म करने का एक नया प्रस्ताव दिया है। हालांकि न्यूक्लियर बातचीत को बाद में टालने के लिए प्रस्ताव दिया गया है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी टॉप नेशनल सिक्योरिटी और फॉरेन पॉलिसी टीम के साथ ईरान पर एक सिचुएशन रूम मीटिंग करेंगे, जिसमें वे आगे की कार्रवाई का रिव्यू करेंगे।

# मीना ने हाथों की कला को बनाया कमाई का जरिया

चंपावत। उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर ऐपण कला को आजीविका का सशक्त माध्यम बनाकर ग्राम पंचायत चौड़ीराय की निवासी श्रीमती मीना राय पारंपरिक कला के प्रति बचपन से ही गहरी रुचि और दक्षता रखती थी। मीना के पास हुनर तो था, लेकिन संसाधनों और उचित मार्गदर्शन के अभाव में वह इसे व्यवसायिक रूप नहीं दे पा रही थीं।उनकी जिंदगी में सकारात्मक बदलाव तब आया जब वे राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित 'जय माँ काली स्वयं सहायता समूह' से जुड़ीं। यह समूह ग्रामोत्थान परियोजना के अंतर्गत 'मनसा देवी संकुल संघ' द्वारा संचालित किया जा रहा है। समूह से जुड़ने के बाद मीना को न केवल सामूहिक सहयोग मिला, बल्कि उन्हें स्वरोजगार के नए अवसरों की भी जानकारी प्राप्त हुई। ग्रामोत्थान परियोजना, जो कि आईफैड और केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित है, ने मीना राय के उद्यम को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। परियोजना के तहत आयोजित बैठकों के माध्यम से उन्हें लघु उद्यम स्थापना योजना की जानकारी मिली। उनकी





लगन और आत्मनिर्भर बनने के संकल्प को देखते हुए परियोजना टीम ने ऐपण कला आधारित उद्यम के लिए उनका चयन किया तथा सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण कराईं।उद्यम की स्थापना हेतु मीना राय को कुल 1,00,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई। इसमें 30,000 रुपये की अनुदान राशि, 50,000 रुपये का बैंक ऋण तथा 20,000 रुपये का स्वयं का अंशदान शामिल रहा। इस आर्थिक सहयोग ने उनके सपनों को साकार करने की मजबूत नींव रखी।अपने उद्यम की शुरुआत में मीना ने पारंपरिक ऐपण डिजाइनों को आधुनिकता के साथ जोड़ते हुए पूजा थाली, वॉल हैंगिंग, उपहार सामग्री और नाम पट्टिका जैसे आकर्षक उत्पाद तैयार किए। उनकी कलाकारी और उत्पादों की गुणवत्ता के कारण स्थानीय बाजार में उन्हें शीघ्र ही पहचान मिल गई और मांग लगातार बढ़ने लगी।आज श्रीमती मीना राय अपने इस स्वरोजगार से प्रतिमाह लगभग 5,000 से 6,000 रुपये की आय अर्जित कर रही हैं। वे न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर रही हैं, बल्कि अपनी पारंपरिक कला को संरक्षित करते हुए अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा स्रोत बन गई हैं।

# सिलाई प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर बनीं गीता जीना

नैनीताल (उद संवाददाता)। भीमताल ब्लॉक के चोपड़ा गांव की निवासी गीता जीना ने ग्रामीण उद्यमिता विकास कार्यक्रम (रीप) के माध्यम से सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भरता की एक नई इबारत लिखी है। पूर्व में संसाधनों के अभाव से जूझ रहीं गीता आज न केवल एक सफल उद्यमी हैं, बल्कि अन्य ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन गई हैं। ग्रामोत्थान परियोजना के तहत उन्हें सिलाई केंद्र स्थापित करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और वित्तीय सहायता प्रदान की गई, जिससे उनके जीवन की दिशा बदल गई।गीता जीना के इस व्यक्तिगत उद्यम की कुल लागत एक लाख रुपये है। इस व्यवसाय को शुरू करने के लिए व्यवस्थित वित्तीय योजना तैयार की गई, जिसमें रीप परियोजना द्वारा 30,000 रुपये की सहायता राशि प्रदान



की गई। इसके अतिरिक्त, परियोजना के सहयोग से बैंक से 50,000 रुपये का ऋण उपलब्ध कराया गया, जबकि शेष 20,000 रुपये की धनराशि गीता ने स्वयं के अंशदान के रूप में लगाई। इस ठोस आर्थिक सहयोग ने उन्हें अपना स्वयं का सिलाई केंद्र स्थापित करने में मदद की।वर्तमान में गीता जीना अपने गांव और आसपास के क्षेत्रों की महिलाओं के लिए बेहतरीन सिलाई कार्य कर रही हैं। उनके इस प्रयास से चोपड़ा गांव के लगभग 300 परिवारों को बड़ी राहत मिली है। पहले गांव के लोगों को कपड़े सिलवाने के लिए लगभग 10 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती थी, लेकिन अब गांव में ही यह सुविधा उपलब्ध होने से उनका समय और पैसा दोनों बच रहा है। गुणवत्तापूर्ण कार्य और स्थानीय मांग के चलते गीता की मासिक आय अब लगभग 30,000 रुपये तक पहुंच गई है।आर्थिक रूप से सशक्त होने के साथ ही गीता जीना अब अन्य महिलाओं को भी सिलाई का प्रशिक्षण दे रही हैं, जिससे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। उनकी इस सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि ग्रामीण महिलाओं को सही प्रशिक्षण और वित्तीय आधार मिले, तो वे न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधार सकती हैं, बल्कि समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। गीता की यह उपलब्धि रीप परियोजना के उद्देश्यों और ग्रामीण महिला सशक्तिकरण को धरातल पर चरितार्थ कर रही है।

# धार्मिक आयोजनों से मिलती है आत्मिक शांति: शिव अरोरा


रुद्रपुर (उद संवाददाता)। खानपुर नंबर 1 क्षेत्र में आयोजित भव्य एवं दिव्य अखंड नाम संकीर्तन में रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने शिरकत की। विधायक ने भगवान श्री राधा-कृष्ण के चरणों में मत्था टेककर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं के बीच विधायक ने भक्ति भाव के साथ स्वयं भंडारे की सेवा की और भक्तों को प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शिव अरोरा ने कहा कि खानपुर क्षेत्र में आयोजित इस अखंड नाम संकीर्तन में शामिल होना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि बंगाली समाज में अखंड नाम संकीर्तन की बहुत गहरी मान्यता है। यहाँ का आध्यात्मिक वातावरण और राधा-कृष्ण के संगीत रस में डूबे श्रद्धालु ईश्वर के प्रति अटूट समर्पण को दर्शाते हैं। विधायक ने कहा कि ऐसे पवित्र संकीर्तन के श्रवण मात्र से ही मन को अपार शांति और सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति होती है।विधायक शिव अरोरा ने पुरानी यादें साझा करते हुए कहा कि वे प्रतिवर्ष खानपुर क्षेत्र के इस आयोजन में सम्मिलित होते हैं। हर साल श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और उनका भक्ति भाव समाज में धार्मिक मूल्यों की मजबूती का प्रमाण है। कार्यक्रम के दौरान बंगाली संस्कृति और धार्मिक परंपराओं की अनुपम झलक देखने को मिली।इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष जगदीश विश्वास, ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष उपेंद्र चौधरी, कौशल विश्वास, मनमोहन वाधवा, गुरबाज दुमरा, विशाल माझी, जयदेव मंडल, किशोर मनी, कालीचरण विश्वास, बाबूराम सरकार, सोमनाथ मनी, शंभू सरदार, मिहिर विश्वास, कार्तिक राय, प्रकाश हालदार, रतन राय, समीर सिकदर और देव मंडल सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।





# गुरु अंगद देव के प्रकाश पर्व पर करवाया मूल मंत्र व गुरुमंत्र का जाप

गदरपुर। ग्राम सूरजपुर में आयोजित एक धार्मिक समागम के दौरान निर्मल तखत बाबा बुड्ढा जी, श्री रमदास, श्री अमृतसर के बाबा भगवंत भजन सिंह द्वारा संगत को गुरु वाले बनने का आह्वान करते हुए नित्य प्रति गुरबाणी पाठ करने के लिए प्रेरित किया, उन्होंने कहा कि मूल मंत्र और गुरु मंत्र के जाप से हमारे सभी प्रकार के कष्ट दूर हो जाते हैं, श्री अमृतसर से आए रागी भाई वीर सिंह नामधारी एवं भाई रतन सिंह द्वारा गुरबाणी कीर्तन एवं ब्रह्म ज्ञानी धन धन बाबा बुड्ढा जी का इतिहास श्रवण कराया गया। इस दौरान कथावाचक देवेंद्र सिंह द्वारा गुरु नानक देव जी व गुरु अंगद देव जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक चिकित्सा के उपाय बताते हुए अपना जीवन गुरु को समर्पित करने के लिए अपील की। इस मौके पर बाबा भगवत भजन सिंह द्वारा सर्वत्र सुख शांति एवं स्व. सरदार दर्शन सिंह एवं स्व. जोगेंद्र कौर की आत्मिक शांति के लिए भी अरदास की गई। इस मौके पर मंगल सिंह, जसबीर सिंह, बलबीर सिंह, रणदीप सिंह, हरनाम सिंह, अमन सिंह बठला, हरप्रीत कौर, मनप्रीत कौर, संदीप कौर सहित तमाम श्रद्धालु संगत मौजूद रही।





# 2 मई को सहकारी समिति पर सांकेतिक तालाबंदी का ऐलान

शक्तिफार्म।कृषि निदेशालय द्वारा 23 अप्रैल 2026 को जारी उर्वरक नियंत्रण एवं निगरानी आदेश के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किसानों के समर्थन में 2 मई को किसान सेवा सहकारी समिति पर सांकेतिक तालाबंदी करने का निर्णय लिया है। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों के साथ-साथ कांग्रेस कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। यह निर्णय गुरुवार को आयोजित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य ने की। ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि कृषि निदेशालय का यह आदेश किसानों के हितों के विपरीत है, जिससे उर्वरकों की उपलब्धता और वितरण प्रभावित हो




सकता है। कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों के साथ खड़ी रही है और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी। 2 मई की सांकेतिक तालाबंदी के माध्यम से हम सरकार तक किसानों की आवाज पहुंचाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने क्षेत्र के सभी किसानों और कार्यकर्ताओं से इस आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है। बैठक में पूर्व दर्जा राज्य मंत्री बलवंत बोहरा, नगर अध्यक्ष विनय विश्वास, भगवान पांडेय, अमित सरकार, सुकुमार चक्रवर्ती, श्रीकांत, मनोज सुतार, सुमिंदर यादव, सपना मण्डल, गुड़िया अधिकारी, लक्ष्मी चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गर्जिया मंदिर में अब 30 मई तक नहीं होंगे मुख्य दर्शन

रामनगर (उद संवाददाता)। विश्व प्रसिद्ध गर्जिया देवी मंदिर के अस्तित्व को बचाने के लिए चल रहे सुदृढ़ीकरण कार्य के चलते अब श्रद्धालुओं को मुख्य मंदिर में दर्शन के लिए लंबा इंतजार करना होगा। सिंचाई विभाग ने सुरक्षा कारणों और निर्माण कार्य की संवेदनशीलता को देखते हुए मुख्य मंदिर तक आवाजाही पर लगी रोक को 30 अप्रैल से बढ़ाकर अब 30 मई तक कर दिया है।सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता अजय कुमार जॉन ने बताया कि मंदिर के ऐतिहासिक टीले को मजबूती देने का कार्य दूसरे



चरण में प्रवेश कर चुका है। चूंकि नदी के भीतर करीब 5 मीटर गहराई तक खुदाई की जा रही है और पानी के रिसाव के बीच कार्य करना चुनौतीपूर्ण है, इसलिए श्रद्धालुओं की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता।

# मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

किच्छा। नगर के वार्ड नंबर 7 में स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखंड की मेरिट सूची में 21वां स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र विक्रम सिंह सहित अन्य छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में सरस्वती विद्या मंदिर के होनहार छात्र विक्रम सिंह ने 500 में से 467 अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में 21वां स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में विद्यालय की वरीयता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले हर्षिका गंगवार, अंतेश कुशवाहा,



आदित्य यादव, तान्या राठौर श्वेता धनगर, चेतन यादव, आयुषी तिवारी, कृष्णा गिरी, कौशल गंगवार, आयुषी कुशवाहा, अंश कुमार, आलिया गंगवार एवं रश्मि को प्रमाण पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र भट्ट ने बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्वागत कार्यक्रम में ओमपाल गंगवार, मुकेश बिष्ट, तुलसी प्रसाद, वेद प्रसाद, रामकिशोर, श्यामा चरण, पुरुषोत्तम राम, आशुतोष, भूपराम, रीता शर्मा, रानी श्रीवास्तव, नविता सक्सेना, दीक्षा, मंजू, शैलजा आदि मौजूद रहे।

# सतगुरु आगे शीश भेंट देओ,जे सतगुरु साचौ भावे

गदरपुर। गुरु की संगत को नाम स्मरण और अमृत संचार से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित किए गए गुरमत समागम में रागी जत्था भाई गुरजीत सिंह द्वारा ष्सतगुरु आगे शीश भेंट देओ जे सतगुरु साचौ भावेष शब्द का गायन करके संगत को भाव विभोर कर दिया । भाई मरदाना जी गुरमत संगीत अकैडमी,गुरुद्वारा सिंह सभा गोल मार्केट रुद्रपुर,उधम सिंह नगर, उत्तराखंड के संरक्षक रागी भाई गुरजीत सिंह द्वारा अपनी टीम के साथ गुरुद्वारा बाबा दीप सिंह, पछियापुर, बिलासपुर, रामपुर, उत्तर प्रदेश में देर सायंकाल तक गुरबाणी का मनोहर कीर्तन करते हुए संगत को आनंदित



किया । उन्होंने कहा,अपने गुरु के आगे अपने शीश को भेंट कर देना चाहिए जिसका तात्पर्य यह है कि हम माथा टेक कर अपनी बुद्धि और विचार गुरु को समर्पित कर दें जो कि सतगुरु को परवान है, गुरु के आदर्शों पर चलने का संकल्प लें । यह प्रक्रिया दोहराने से हमें गुरु की खुशियों की प्राप्ति होती है। इस दौरान भारी संख्या में संगत ने गुरबाणी कीर्तन श्रवण करते हुए सतनाम वाहेगुरु का जाप आनंद साहिब की बाणी तथा अरदास में शामिल होकर अपनी हाजिरी लगवाई।

# चरस के साथ युवक गिरफ्तार

किच्छा।उधमसिंहनगर जिले के थाना पुलभट्टा क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक युवक को 111.04 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार 28 अप्रैल 2026 की शाम चौकी बरा प्रभारी उपनिरीक्षक दिनेश चन्द्र भट्ट अपनी टीम के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को लेकर गश्त पर थे। इसी दौरान ग्राम बरा स्थित हाट बाजार के पास पुलिस को एक युवक संदिग्ध अवस्था में बैठा दिखाई दिया। पुलिस टीम को देखकर युवक अचानक भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मोतीलाल पुत्र चोखेलाल निवासी ग्राम बरा थाना पुलभट्टा, उम्र 38 वर्ष बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक काली प्लास्टिक की पन्नी बरामद हुई, जिसमें काले रंग का मादक पदार्थ मिला। जांच और सूंघने पर पुलिस ने उसे चरस होना बताया। मौके पर इलेक्ट्रॉनिक तराजू से वजन करने पर पन्नी सहित कुल वजन 114.52 ग्राम पाया गया। खाली पन्नी का वजन घटाने के बाद चरस का शुद्ध वजन 111.04 ग्राम निकला। पुलिस ने बरामद चरस को सील कर कब्जे में ले लिया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की।

# गांजा के साथ माइकल गिरफ्तार

काशीपुर। मोहल्ला मझरा निवासी मौ. हनीफ उर्फ माइकल को पुलिस ने 2 किलो 394 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पता चला है रोजाना की भांति पुलिस टीम ढकिया की ओर गश्त कर रही थी अचानक एक व्यक्ति लाल रंग की मोटर साईकिल में नाले की ओर से आता दिखाई दिया जो पुलिस वालो को चौकिंग करते देख रुक गया और तेजी से मोटर साईकिल को पीछे मोड़ने का प्रयास करने लगा जिस पर पुलिसकर्मियों ने दौड़कर उसे पकड़ लिया। पुलिसकर्मियों द्वारा उक्त व्यक्ति से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम मौ. हनीफ उर्फ माइकल (52 वर्ष) पुत्र मौ. अली निवासी बर्फ फैक्ट्री मझरा, काशीपुर बताया। उसकी मोटर साईकिल पर रखे बैग की तलाशी लेने पर उसमें से 2 किलो 394 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ करने पर माइकल ने बताया कि 7-8 माह पूर्व एक्टसीडेन्ट में उसके हाथ व पैर में चोट आ गयी थी, जिस कारण वह कोई दूसरा काम नही कर पाता है, इसलिए थोड़ा-थोड़ा गांजा बेचकर अपने परिवार को पाल रहा हैं। यह गांजा वह मझरा निवासी राहत नाम के व्यक्ति से लेता है तथा छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर बेचता है। गांजा बरामदगी के आधार पर पुलिस ने माइकल के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20, 60, 8 के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

# गेट तोड़कर कंबाइन ले जाने का आरोप

काशीपुर। एक व्यक्ति ने पड़ोसियों पर रंजिशन के उसके गेट को तोड़कर उसकी कंबाइन ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कचनालगाजी निवासी सरदूल सिंह पुत्र अवतार सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पड़ोसी ग्राम पच्चावाला निवासी कुलविन्दर सिंह पुत्र मक्खन सिंह एवं साहब सिंह, सतनाम सिंह आदि उससे रंजिश रखते हैं और आये दिन बिना किसी कारण ही उसे व परिजनों को धमकाते रहते हैं। कहा कि 7 अप्रैल की सुबह उक्त लोगों ने लाठी-डण्डो से घर के गेट पर हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर चलेग गये। आरोप लगाया कि 10 अप्रैल की शाम करीब 3.30 बजे सांय कुलविन्दर सिंह व सतनाम सिंह ट्रैक्टर और टोचन से उसके घर का गेट उखाड़ दिया तथा जान से मारने की धमकी देते हुये कम्बाईन लेकर चले गये। पीड़ित ने आरोपियों से परिवार को जान माल का खतरा बताया है। पुलिस ने तहरीर के आध ार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अवैध शराब ले जाता एक तस्कर गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प कोतवाली पुलिस ने चौंकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को अवैध शराब ले जाते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वाराअवैध नशे के सौदागरो के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देशानुसार कोतवाली ट्राजिट कैम्प पुलिस द्वारा चौकिंग के दौरान सिडकुल रोड पेट्रोल पम्प के पास अवैध शराब ले जाते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता भोलू उर्फ आलोक राय पुत्र मन्टू राय निवासी ट्रांजिट कैम्प, वार्ड नंबर-5 बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल पाउच 140 लगभग 28 लीटर शराब बरामद हुए। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर भोलू को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक मनोज कुमार, कांस्टेबल राजेन्द्र कुमार, जगमोहन गौड़ व मनोज बोरा शामिल थे।

# प्रभु श्री राम सम्पूर्ण मानव समाज के लिए आदर्श : शांतनु

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। फुलसूंगा क्षेत्र में आयोजित भगवान श्रीराम की पावन कथा का दिव्य आयोजन पूरे क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस पावन अवसर पर दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर स्वयं को धन्य महसूस कर रहे हैं। हर ओर "जय श्रीराम" के जयघोष गूंजते रहे। इस दिव्य आयोजन में परम पूज्य श्री शांतनु जी महाराज के श्रीमुख से श्रीराम कथा का वर्णन किया जा रहा है। महाराज जी ने अपने मधुर, ओजस्वी एवं प्रभावशाली प्रवचनों के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, त्याग, कर्तव्यनिष्ठा एवं धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि श्रीराम केवल एक आराध्य नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव समाज के लिए आदर्श हैं, जिनके जीवन मूल्यों को अपनाकर व्यक्ति अपने जीवन को सार्थक बना सकता है। इस अवसर पर



भाजपा नेता प्रमोद मित्तल ने भी पूज्य महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों से सनातन संस्कृति को सशक्त आधार मिलता है और समाज में नैतिक मूल्यों का विकास होता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में ऐसे आयोजनों की विशेष आवश्यकता है, जिससे नई पीढ़ी अपने धर्म, परंपराओं एवं संस्कारों से जुड़ सके और समाज में सकारात्मक सोच का विकास हो। श्रीराम कथा जैसे आयोजनों से समाज में एकता, भाईचारा एवं सद्भाव की भावना मजबूत होती है और लोगों को जीवन में सही दिशा प्राप्त होती है। इस दौरान किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, कुशल अग्रवाल, प्रमोद यादव, निखिल चंडोक, धीरेंद्र मिश्रा, रोहित भट्ट, चंदन भट्ट, अरुणेश कुमार सिंह, नीरज कुमार सिंह, संतोष सिंह, अंशुल टंडन सहित अन्य श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

## पेज एक का शेष...

**धामी कैबिनेट की बैठक...**मेला अधिकारी और पांच करोड़ तक की स्वीकृति मंडलायुक्त स्तर से मिल सकेगी। लोक निर्माण विभाग में श्डीश श्रेणी के ठेकेदारों को राहत देते हुए उनके कार्य की सीमा एक करोड़ से बढ़ाकर डेढ़ करोड़ रुपये कर दी गई है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना का दायरा बढ़ाकर 21 अशासकीय कॉलेजों को शामिल किया गया है और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के क्रम में विशेष शिक्षा शिक्षकों की अर्हता संबंध ी नियमावली को भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

**पश्चिम बंगाल में ..**महसूस कर रहा है। मुख्यमंत्री ने ममता सरकार को घेरते हुए कहा कि बंगाल के युवाओं को रोजगार के लिए भटकना पड़ रहा है और राज्य का औद्योगिक विकास पूरी तरह ठप हो गया है। सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर गरीबों के हक की योजनाओं को उन तक पहुंचने से रोका जा रहा है। धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि आयुष्मान भारत और पीएम किसान सम्मान निधि जैसी ऐतिहासिक योजनाएं, जो देश के करोड़ों लोगों का जीवन बदल रही हैं, उन्हें बंगाल में सही ढंग से लागू नहीं होने दिया गया। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा की सरकार बनते ही इन केंद्रीय योजनाओं का लाभ बंगाल के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल की जनता अब विकास, सुशासन और सुरक्षा चाहती है और यह केवल प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में ही संभव है। मुख्यमंत्री के इस बयान ने राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज कर दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बंगाल का परिणाम न केवल उस राज्य के लिए बल्कि देश की राजनीति के लिए एक नया संदेश लेकर आएगा, जहां विकास की राजनीति ने नकारात्मक राजनीति को पूरी तरह पछाड़ दिया है।

**शासन के निर्देश के ...**तिवारी ने कहा कि सिडकुल पंतनगर में हमेशा शांति का वातावरण बना रहे यह सभी का हमेशा प्रयास रहा है। लेकिन कुछ बाहरी अराजक तत्व यहां आकर माहौल खराब करने की कोशिश करते रहते हैं ऐसे तत्वों से पुलिस सख्ती से निपटती है। पदाधिकारियों ने बताया कि सरकार के वेतन वृद्धि के निर्देश को माह अप्रैल से ही सभी उद्योगों में लागू कर दिया जायेगा। हांलाकि इससे उद्योगों पर आर्थिक बोझ पड़ेगा। उन्होंने कहा कि खाड़ी युद्ध के कारण उद्योगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जहां निर्यात के आर्डर कम मिल रहे हैं तो वहीं पैट्रो मूल्य व विद्युत दर में वृद्धि होने से सामान निर्माण की लागत भी बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को उद्योगों को दी जा रही सुविधाओं व रियायतों में वृद्धि करना चाहिए। महासचिव गौरव हरीश ने कहा कि सिडकुल में शांति व्यवस्था बनाये रखने में जिला व पुलिस प्रशासन के साथ ही श्रम विभाग का हमेशा सहयोग रहा है। उन्होंने कहा यदि क्षेत्र में श्रमिकों को भड़काने के लिए कोई अफवाह फैलाई जाती है तो इसे रोकने के लिए सबके साथ मीडिया का भी सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने बताया कि उद्योगों में कोई भी दुर्घटना मानवीय भूल के कारण ही होती है मशीन तो सिर्फ अपना काम करती है। इसलिए श्रमिकों को कार्य के समय पूरी तरह से सतर्कता बरतनी चाहिए। वार्ता के दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष, सचिव गजेन्द्र सिंह, मीडिया प्रभारी तेजराम बाधेत आदि मौजूद थे।

**स्पा सेंटर में ...**काउंसलिंग के बाद उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस के इस एक्शन के बाद हड़कंप मचा हुआ है। नगर के तमाम लोगों ने देह व्यापार के अवैध धंधे में लिप्त स्पा सेंटरों को पूर्ण रूप से बंद करा देने की मांग की है।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभव:-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# सरोजा कैथुलिया में बेखौफ अवैध खनन,ग्रामीणों में आक्रोश

नानकमत्ता। क्षेत्र के ग्राम ध्यानपुर में इन दिनों मिट्टी का अवैध खनन खुलेआम जारी है। आरोप है कि बिना किसी वैध अनुमति के ओवरलोड डंपरों के जरिए बड़े पैमाने पर मिट्टी निकाली जा रही है। इस पूरे मामले ने पुलिस और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कथित तौर पर मिलीभगत के चलते खनन माफिया मोटी रकम के दम पर बेखौफ होकर यह अवैध कारोबार चला रहे हैं।ग्रामीणों के अनुसार, यह कोई पहला मामला नहीं है। पूर्व में भी परमिशन की आड़ में कई दिनों तक अवैध खनन होता रहा, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। यही कारण है कि खनन माफियाओं के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं और वे बेखौफ होकर नियमों को ताक पर रख रहे हैं।अवैध खनन का सीधा असर गांव की मूलभूत सुविधाओं पर साफ दिखाई दे रहा है। लगातार दौड़ रहे भारी और ओवरलोड डंपरों ने गांव की सड़कों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है। जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं, जिससे आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा डंपरों से उड़ने वाली धूल ने ग्रामीणों की सेहत पर भी प्रतिकूल असर डालना शुरू कर दिया है, जिससे सांस संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं और दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। इससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इस संबंध में कोतवाल मंजू पांडे ने कहा कि शिकायत मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं क्षेत्र के पटवारी का कहना है कि मिट्टी खनन के लिए अनुमति है या नहीं, इसकी पुष्टि कार्यालय से जानकारी मिलने के बाद ही की जा सकेगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही अवैध खनन पर रोक नहीं लगी, तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।



### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2005 अनुक्रमांक संख्या 0136466 व इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2007 अनुक्रमांक संख्या 0073099 की मूल अंकतालिका और सनद वास्तव में गुम हो गई है। जिसका किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उपयोग अवैध माना जायेगा।

राजपाल पुत्र श्री सतीश कुमार

निवासी -हाऊस नम्बर 209, शिव मंदिर के पास, बमनपुरी, बकैनिया, जिला ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 685 एकड़ भूमि के नियमितीकरण की कवायद शुरू

## 60 साल पुराना भूमि विवाद सुलझाने की दिशा में बढ़े कदम, बीस हजार लोगों को मालिकाना हक की उम्मीद


गूलरभोज/रुद्रपुर। हरिपुरा और बौर जलाशय क्षेत्र से जुड़े 685 एकड़ भूमि के नियमितीकरण का मामला एक बार फिर तेज हो गया है। वर्षों से भूमि अधिकार और मालिकाना हक से वंचित हजारों परिवारों को राहत दिलाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर पहल तेज की गई है। बुधवार को अपर जिला अधिकारी कौस्तुभ मिश्रा के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम नगर पंचायत कार्यालय पहुंची, जहां राजस्व, सिंचाई और वन विभाग के अधिकारियों के साथ प्रभावित लोगों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अब तक की प्रगति से अवगत कराते हुए लोगों से आवश्यक दस्तावेज शीघ्र उपलब्ध कराने की अपील की गई। भाजपा के प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने कहा कि यह मामला सीधे तौर पर हजारों लोगों के अधिकारों से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्तर पर इस पूरे प्रकरण की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है और सरकार इस समस्या के समाधान को लेकर गंभीर है। वहीं, गुलरभोज नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश चुघ ने कहा कि भूमि नियमितीकरण का मुद्दा जनता से किया गया प्रमुख वादा रहा है और इसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रभावित लोगों को उनका हक दिलाने के



लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। भूमि के मालिकाना हक को लेकर आयोजित बैठक में एडीएम कौस्तुभ मिश्रा ने भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा की सक्रियता की सराहना की। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि "आप चिंता न करें, आपके जनप्रतिनिधि सुखीजा जी हर हफ्ते इस मुद्दे को लेकर हमारे पास आते हैं और लगातार फॉलोअप कर रहे हैं।" एडीएम ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी इस समस्या के समाधान को लेकर गंभीर हैं और प्रशासन पूरी कोशिश कर रहा है कि जल्द से जल्द इसका हल निकले, ताकि गरीबों को उनका हक मिल सके। बैठक में मौजूद लोगों ने भी माना कि गुंजन सुखीजा लगातार इस मुद्दे को प्रमुखता से उठा रहे हैं, जिससे वर्षों पुरानी इस समस्या के समाधान की उम्मीद अब और मजबूत हुई है। जनप्रतिनिधियों ने बताया कि इस विषय को सांसद अजय भट्ट के साथ मिलकर मुख्यमंत्री के समक्ष भी रखा गया था, जिसके बाद प्रशासन को त्वरित कार्रवाई के निर्देश मिले। 685 एकड़ में शामिल गुलरभोज क्षेत्र की 30 एकड़ आरक्षित वन भूमि पर भी बंदोबस्त प्रक्रिया तेज करने पर जोर दिया गया। प्रशासन की ओर से एडीएम कौस्तुभ मिश्रा ने बताया कि मामले की समीक्षा के लिए संबंधित विभागों की तीन बैठकें हो चुकी हैं और दस्तावेजों का संकलन तेजी से किया जा रहा है। राजस्व विभाग को सावधानीपूर्वक अभिलेख तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। जिन लोगों के पास वैध दस्तावेज हैं, उन्हें शीघ्र प्रस्तुत करने को कहा गया है। उन्होंने जल्द समाधान का भरोसा दिलाया। इस दौरान उप जिलाधिकारी ऋचा सिंह, सहायक अभियंता सिंचाई विभाग पंकज ढौंडियाल, एसडीओ वन विभाग इंद्रजीत देव, कानूनगो हरेंद्र सिंह सहित राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। 1962-65 **से**

### एडीएम बोले : हर हफ्ते आपकी आवाज उठा रहे गुंजन सुखीजा

गूलरभोज। भूमि के मालिकाना हक को लेकर आयोजित बैठक में एडीएम कौस्तुभ मिश्रा ने भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा की सक्रियता की सराहना की। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि "आप चिंता न करें, आपके जनप्रतिनिधि सुखीजा जी हर हफ्ते इस मुद्दे को लेकर हमारे पास आते हैं और लगातार फॉलोअप कर रहे हैं।" एडीएम ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी इस समस्या के समाधान को लेकर गंभीर हैं और प्रशासन पूरी कोशिश कर रहा है कि जल्द से



जल्द इसका हल निकले, ताकि गरीबों को उनका हक मिल सके। बैठक में मौजूद लोगों ने भी माना कि गुंजन सुखीजा लगातार इस मुद्दे को प्रमुखता से उठा रहे हैं, जिससे वर्षों पुरानी इस समस्या के समाधान की उम्मीद अब और मजबूत हुई है।

**चला आ रहा है मामला :** हरिपुरा जलाशय निर्माण के दौरान वर्ष 1962-65 में जनजाति किसानों से 1208 एकड़ कृषि भूमि अधिग्रहित की गई थी। इसके बदले भूमि और मुआवजा देने का प्रावधान था, लेकिन आज तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। 1970 में गठित समिति ने 685 एकड़ भूमि के नियमितीकरण की सिफारिश की, लेकिन उस पर अमल नहीं हो पाया। हरिपुरा, कंवरपुर, दलपुरा, दमकी, तिलपुरी, मटकोटा सहित कई गांव इस समस्या से प्रभावित हैं। जटिल विवाद के चलते हजारों लोग आज भी सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। अब प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की सक्रियता से जल्दसमाधान की उम्मीद है।

# किच्छा में अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर छापेमारी

## रेडियोलॉजिस्ट न मिलने पर तीन मशीनें सील, सीएचसी समेत निजी अस्पतालों में मचा हड़कंप

किच्छा (उद संवाददाता)। प्रदेश में गिरते लिंगानुपात पर अंकुश लगाने और पीसी-पीएनडीटी एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर प्रशासन ने सख्त



रुख अपना लिया है। बुधवार को किच्छा क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग और तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम ने अल्ट्रासाउंड केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण टीम ने सबसे पहले सरदार वल्लभभाई पटेल हॉस्पिटल का रुख किया,जहां जहां भी मौके पर रेडियोलॉजिस्ट मौजूद नहीं पाए गए। एक्ट के नियमों का उल्लंघन देखते हुए टीम ने तत्काल अल्ट्रासाउंड मशीन को अस्थाई रूप से सील कर दिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक योग्य रेडियोलॉजिस्ट की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक मशीन के संचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अलावा, क्षेत्र के अन्य प्रमुख केंद्रों पर भी सघन जांच की गई, जांच के दौरानघ्गुप्ता अल्ट्रासाउंड केंद्र सीएचसी किच्छा बाटला हॉस्पिटल, ओम इमेजिंग अल्ट्रासाउंड सेंटरघ्,किशोर हॉस्पिटल, सूरजमल हॉस्पिटल सहित सभी केंद्रों पर जांच की गई। एक अल्ट्रासाउंड केंद्र पर रेडियोलॉजिस्ट की मौजूदगी ना होने पर केंद्र संचालक द्वारा सूचना दिए जाने के चलते मशीन को सील किया गया है।सीमावर्ती इलाकों पर रहेगी पैनी नजर घ्मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.के. अग्रवाल ने इस कार्रवाई की पुष्टि करते हुए



कहा कि बिना पंजीकृत रेडियोलॉजिस्ट के अल्ट्रासाउंड का संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित है। उन्होंने सख्त निर्देश जारी किए हैं कि अब सीमावर्ती जनपदों और इलाकों में भी विशेष निगरानी अभियान चलाया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य अवैध लिंग चयन और भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराइयों को जड़ से खत्म करना है। टीम में शामिल जिला समन्वयक प्रदीप मेहरा ने बताया कि किच्छा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रेडियोलॉजिस्ट ना होने तक अल्ट्रासाउंड में व्यवधान आ रहा है इसलिए वहां पर भी अल्ट्रासाउंड मशीन को बंद कर दिया गया है जब तक रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती नहीं होगी किच्छा के सरदार वल्लभभाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासाउंड कराया जाना संभव नहीं होगा उन्होंने यह भी बताया कि सूरजमल अस्पताल में भी रेडियोलॉजिस्ट ना होने के चलते मशीन को सील किया गया है इसके अलावा एक अन्य अस्पताल में भी रेडियोलॉजिस्ट की अनुपस्थिति के कारण मशीन को सील किया गया है। इसके अलावा अन्य स्थानों पर चेकिंग के दौरान रेडियोलॉजिस्ट उपस्थित पाए गए तथा जो माइनर कमियां थी उन्हें दूर करने का दिशा निर्देश जारी किया गया है। रूटीन निरीक्षण टीम का नेतृत्व एसीएमओ डॉ. एस.पी. सिंह ने किया। टीम में तहसीलदार किच्छा श्री गिरीश त्रिपाठी, जिला समन्वयक (पीएनडीटी सेल) प्रदीप मेहर और आईएसडी बिंदु वासनी शामिल रहे। प्रशासन की इस अचानक हुई कार्रवाई से क्षेत्र के निजी अस्पतालों और डायग्नोस्टिक केंद्रों में हड़कंप मचा रहा। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि भविष्य में और भी कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### किच्छा के दो क्लिनिक कराए बन्द, चार को नोटिस जारी किया

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.के. अग्रवाल के निर्देशों के क्रम में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा किच्छा क्षेत्र के विभिन्न अस्पतालों एवं क्लिनिक्स का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गुड लाइफ हॉस्पिटल, डॉ. रंजीत सिंह क्लिनिक, डॉ. हरीश क्लिनिक तथा काव्या क्लिनिक में व्यवस्थागत कमियां पाई गईं। टीम द्वारा संबंधित प्रतिष्ठानों को तत्काल नोटिस जारी कर आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं धर्मवीर क्लिनिक और बैरागी क्लिनिक द्वारा निरीक्षण के समय कोई भी वैध अभिलेख प्रस्तुत न किए जाने पर जनहित को ध्यान में रखते हुए दोनों क्लिनिकों को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया। निरीक्षण टीम में चिकित्सा अधीक्षक, किच्छा डॉ. राहुल गौड़, डॉ. कनक सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.के. अग्रवाल ने कहा कि जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध रूप से संचालित स्वास्थ्य प्रतिष्ठानों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

